सार-समाचार

क्रिकेट मैत्री मैच का आयोजन

भरतपुर। भरतपुर साइकिल क्लब की ओर से डे नाइट क्रिकेट मैत्री मैच का आयोजन किया गया, जिसमें बीसीसी टाइगर टीम विजेता रही। क्वार्टर फाइनल मुकाबला बीसीसी पैंथर और बीसीसी लायन टीम के बीच हुआ। लायन टीम ने पहले खेलते हुए 114 रन बनाए ,जिसके जवाब में पैंथर टीम के खिलाडी 104 रन ही बना पाए। बाद में फाइनल मुकाबला बीसीसी लायन और बीसी टाइगर के बीच हुआ। बीसीसी लायन में पहले खेलते हुए 104 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब बीसी टाइगर ने हाफ टाइम के बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 11 ओवर एक बॉल में ही 105 रन बना लिए ।हाफ सेंचुरी सार्थक अरोड़ा में लगाई।बाद में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान फुटबाल संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद पाल सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया । मैन ऑफ द मैच सार्थक अरोड़ा, बेस्ट बल्लेबाज कुणाल गुप्ता और बेस्ट बॉलर गौरव जैन को सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि अरविंद पाल सिंह ने कहा की इस तरह कीआयोजन सराहनीय और जरूरी है। इससे आउटडोर एक्टिविटी को बढ़ावा मिलता है । कोरोना के बाद यह साबित हो चुका है की प्रोफेशनल व्यक्तियों और व्यापारियों को आउटडोर एक्टिविटीज पर ध्यान देना चाहिए ।इससे इंटरनेट युग में जी रही नई पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलती है । कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष पंकज गोयल संरक्षक लोकेश अठावाल, नवीन पाराशर सहित कार्यक्रम में सहयोगी रहे सुनील कंसल,गौरव जिंदल ,लोकेश ज्वाला जी, योगेश सक्सैना जीवन जैन ,सुमित अरोड़ा आदि को भी सम्मानित किया गया इस मौके पर महिलाओं के लिए साइकिल रेस प्रतियोगिता जल्द आयोजित करने की घोषणा की गई इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए।

विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

भरतपुर, (निसं)।फर्स्ट राजधानी जूडो चैंपियनशिप में राजस्थान भरतपुर की कैडेट गर्ल्स टीम ने सिल्वर मेडल जीता ।दिल्ली में आयोजित हुई राजधानी जूडो चैंपियनशिप 2025 में कैडेट वर्ग की गर्ल्स टीम ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया । भरतपुर शाला क्रीडा संगम की खिलाडी मनोरमा बोहरा ने फ़ाइनल मैच में मणिपुर की खिलाडी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही भूमि सिंह ने महाराष्ट्र दिल्ली जम्मू कश्मीर राज्यो की खिलाडियो को हराकर लीग के फ़ाइनल में प्रवेश कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाडियो का सम्मान भरतपुर में नदबई विधायक कुँ जगत सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी सरीना फाउंडेशन की अध्यक्षा सोमाया सिंह द्वारा किया गया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इन सभी खिलाड़ियो को भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जितने की शुभकामनाये दी। शाला क्रीडा संगम में प्रैक्टिक्स करने वाले 8 खिलाड़ियो को सरीना फाउंडेशन द्वारा स्पॉन्सर किया जा रहा हे इन खिलाड़ियो ने 2024-25 में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतकर भरतपुर और राजस्थान का नाम रोशन किया है। इस दोरान सतेन्द्र गुड्डू परमिन्द्र तंवर शैलैंद्र सिंह खिलाडी अनुराग भानु जिया अवनी लावण्या भूमि मनोरमा और मौजूद रहे। कोच जूडो की पूजा देशवाल ने बताया कि भरतपुर जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है यहाँ के खिलाड़ियो को इसी तरह सपोर्ट और अच्छी प्रेक्टिस अच्छा ठाग्राउंड मिल जाए तो भरतपुर के खिलाडी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतेंगे ऐसा मेरा मानना है की अगर आप किसी भी काम को पूरी मेहनत ओर लगन से करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी।

विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हलैना के व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों ने 27 मार्च 2025 गुरूवार को कृषि महाविद्यालय भुसावर का शैक्षिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने विद्यार्थियों को नीबू, आम, अमरूद, ऑवला आदि बगीचों का भ्रमण कराया तथा विभिन्न फलदार बगीचों की समस्याएं एवं उनके समाधान बताये। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि यदि किसान अपने उत्पाद को बाजार में सीधे बेचने के बजाय उसे प्रोसेसिंग करके बेचे तो दो से तीन गुना लाभ बढाया जा सकता है। जैसे गेंहू का दलिया या मैदा, आम व नीबू का अचार, अमरूद से जैली, फलों के स्क्वश, जैम, मुरब्बा, बेर की कैण्डी, टमाटर का सॉस या कैचअप आदि बनाकर बेचने से कुल लाभ बढता है तथा ठाामीण क्षेत्रों में रोजगार के अतिरिक्त अवसर पैदा होते हैं। उन्होंने कृषि क्षेत्र में विजनेस की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुऐ कहा कि भारत में कुल कृषि उत्पादन के 5 प्रतिशत हिस्से की प्रोसिसिंग होती है, जबकि विकसित देशों में यह 95 प्रतिशत तक है । अत: युवाओं को इस क्षेत्र में आगे आना चाहिए, इससे फसलों के कटाई पश्चात होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है तथा कृषि उत्पादों का निर्यात कर विदेशी मुद्रा कमाई जा सकती है। इस अवसर पर हलैना विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्भय सिंह कसाना, कृषि व्याख्याता अभय सिंह मीना सहित अन्य स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

श्री राम शोभा यात्रा हेतु बैठक

भरतपुर, (निसं)। आज रूपलापायसा मोहल्ला भरतपुर में श्रीराम शोभा यात्रा के उपाध्यक्ष कौशलेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में श्रीराम शोभा यात्रा व कलश यात्रा में महिलाए व पुरुषों को अधिक से अधिक संख्या शामिल होने का आ ान किया । श्रीराम कथा की कलश यात्रा 29 मार्च प्रात: 9 बजे श्रीलक्ष्मण मंदिर से प्रारंभ होकर श्री विहारी जी मन्दिर कथा स्थल पर पहुंचेगी। भगवान श्रीराम जी की शोभा यात्रा 6 अप्रैल 2025 को अनाज मंडी कुम्हेर गेट से होते हुए बाजार से गुजरते हुए कॉलेज ठाग्राउंड पर महा आरती पश्चात विसर्जन होगा।।शोभायात्रा को भव्य दिव्य बनाने में शहर व जिले के सभी युवा महिला पुरुष कलश व शोभा यात्रा में में भाग लेकर परमसौभाग्य प्राप्तकरें।प्रत्येक सदस्य रामदूत बनकर शोभायात्रा को सफलतम बनाने में सहयोग प्रदान कर पुण्य प्राप्त करें।मोहल्ले से अधिकाधिक भागीदारी की जिम्मेदारी नीरज शर्मा व उनकी धर्मपत्नी को सौंपी गई।इस अवसर पर सेवानिवृत्त उपनिदेशक व सर्व शक्ति मित्र मंडल जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर जार जिलाध्यक्ष रविन्द्र मोहन शर्मा अन्नपूर्णा रसोई संचालक विष्णुदत्त शर्मा सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ब्रजकिशोर शर्मा अशोक कुमार सारस सेवानिवृत्त थानेदार प्रभूदयाल कटारा सेवानिवृत्त रोडवेज कर्मचारी संघ के संभाग अध्यक्ष दिनेश चंद जघीना तिलक नगर ब्राह्मण समाज वरिष्ठ सदस्य पंडित वनवारी लाल मदन मोहन अध्यापक वरिष्ठ समाज सेवी राजेंद्र जती देवेन्द्रमोहन तिवारी लाल चंद एल आई सी प्रधानाचार्य बाबूलाल शर्मा एवम मोहल्ले के महिलाए व पुरुष उपस्थित हुए।

परीक्षा आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

करौली, (निसं)।राजकीय महाविद्यालय करौली में गुरूवार को परीक्षा विभाग के तत्वाधान में एक दिवसीय परीक्षा आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विश्राम लाल बैरवा ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में विद्यार्थियों को परीक्षा से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार तनावों से बचने की सलाह दी। परीक्षा प्रभारी रफीक अहमद ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा पद्धित के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा किये। इस अवसर पर आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सीताराम खण्डेलवाल ने विद्यार्थियों को एनईपी 2020 के अनुसार परीक्षा प्रणाली से सम्बन्धित परिवर्तन के बारे में अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को सैमेस्टर सिस्टम की विस्तृत जानकारी, प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय के नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रीतम सिंह मीना ने विद्यार्थियों के साथ अपने परीक्षा से सम्बन्धित अनुभव साझा किये तथा विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका में लिखने की कला के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी परीक्षा से सम्बन्धित जिज्ञासा को उजागर करते हुए प्रश्नोंत्तरी की। कार्यकम का मंच संचालन विश्राम सिंह मीना ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विधायक डॉ गर्ग ने की जनसुनवाई

भरतपुर,(निसं)। पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन रणजीत नगर स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई का आयोजन किया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री महाराजा विश्वेन्द्र सिंह से विधायक डॉ गर्ग की आत्मीय मुलाक़ात हुई और भरतपुर के विकास और राजनीतिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर डॉक्टर गर्ग द्वारा पूर्व कैबिनेट मंत्री का स्वागत सम्मान किया गया। जन सुनवाई में शहरी एवं ठाामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने बिजली, पानी, सडक, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुडी समस्याओं को विधायक डॉ. सुभाष गर्ग के समक्ष रखा। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा और आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

विधायक गुर्जर ने पूजा-अर्चना कर किया भंडारे का शुभारंभ

करौली, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर इन दिनो भक्तों कि ओर से कैलामाता कि पदयात्रा कर रहे यात्रियों के लिए भोजन भंडारे संचालित हो रहे हैं जिनमें से एक भोजन भंडारे का करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कैलामाता कि पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया।

मां कैलामाता भक्त मंडल कि ओर से हाथीघटा स्थित विद्युत विभाग कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ भंडारा संचालक मंडल के गोविंद बजाज ने बताया कि प्रात: करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर एवं नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने कैलामाता के चित्रपट पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वल कर भंडारे का पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया इस दौरान कन्या लांगुराओ को जीमन कराया गया एवं भक्तों को हलवा,पूरी,सब्जी की प्रसादी वितरण की गई वही दोपहर के समय तेज धूप और गर्मी के बीच पैदल चल रहे पदयात्रियो को शीतल ठंडाई का वितरण किया गया वही रात्रि के समय राजमा,चावल,पूडी,चपाती का भोजन कराया गया इस दौरान वस्त्र व्यापार संघ

करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर (बीच में) का स्वागत करते भंडारा संचालक मंडल।

से जुडे कैलाश बजाज,अमर सिंह तॅवर,लेखराज,महेश बजाज,गुड्डू तिरपाल वाले, संजू कंप्यूटर,आशीष गुप्ता,लहरी बजाज,संजू बजाज,वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष विक्की बजाज,रवि जिंदल,गोपाल गुप्ता के अलावा कई अन्य कपड़ा व्यवसाई और भामाशाह उपस्थित रहे। इसके अलावा बाल्मिक आश्रम पर डॉ. गोविन्द गुप्ता उनकी पत्नी अनीता गुप्ता के नेतृत्व मे चाय और ना'ते कि पदयात्रियो को व्यवस्था कि गई इस दौरान पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिने'ा गुप्ता डॉ. 'ािव लहरी गुप्ता आदि उपस्थित थे वही स्टेडियम के समीप ओमप्रकाश शर्मा भगत कि ओर से पुडी सब्जी कि प्रसादी लगाकर पदयात्रियो को वितरण कि गई वही शहर के करीब दो दर्जन स्थानो पर पदयात्रियों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन, शीतल पदार्थ पिलाकर भंडारे लगाये जा रहे है।

बिजली कनेक्शन काटा

करौली, (निसं)। विद्युत विभाग का करौली नगर परिषद पर करीब 2 करोड रुपए बकाया चल रहा है जिसको लेकर विभाग ने कार्यवाही करते हुए परिषद कार्यालय सहित सीवरेज लाइन के तीन विद्युत कनेक्शन को काटकर विद्युत आपूर्ति बंद कर दी। इन दिनो करौली जिला मुख्यालय सहित जिले भर में विद्युत विभाग की ओर से मार्च माह में विद्युत बकाया दरों से राशि वसूली का अभियान चलाया जा रहा है जिसको लेकर विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी ठाामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से बकाया राशि वसूली कर रहे हैं वही राशि जमा नहीं कराने पर उनके ट्रांसफार्मर उतारकर विद्युत आपूर्ति बंद की जा रही है विद्युत विभाग के सहायक अभियंता (अ प्रथम) ललित बाबर ने बताया कि करौली नगर परिषद पर भी करीब 2 करोड रुपए की राशि बकाया चल रही है कई बार उन्हें राशि जमा करने के लिए पत्र व नोटिस भी दिए गए हैं लेकिन राशि जमा नहीं कराई गई जिस पर बुधवार को कार्रवाई करते हुए नगर परिषद कार्यालय सहित सीवरेज लाइन के तीन विद्युत संबंधी कनेक्शन को काटकर विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई है।

जिले में 44 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों का किया सम्मान

करौली, (निसं)। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर टीबी मुक्त ठााम पंचायत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परेडवाल के आतिथ्य में मेडिकल कॉलेज सभागार में किया गया।

अभियान अंतर्गत निर्धारित 6 मापदंडों का जिन ग्राम पंचायतों में श्रेष्ठ प्रदर्शन हुआ है उन 44 ग्राम पंचायत के सरपंचों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा जमूरा और लेदिया ग्राम पंचायत को पिछले वर्ष टीबी मुक्त ग्राम पंचायत होने पर महात्मा गांधी की कांस्य स्टैचू प्रदान की गई।सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए एडीएम परेडवाल ने कहा कि टीबी की बीमारी से बचाव के लिए संपूर्ण स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना होगा और प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाले आहार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गांव को टीबी से मुक्त करने में सरपंचों की भूमिका अहम है, जागरूकता के लिए और प्रयासों की आवश्यकता है, जिससे आगामी वर्षों में हम टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि टीबी सहित सभी बीमारियों के बचाव के लिए हमें प्रकृति की ओर लौटना होगा, जिसके लिए सरपंचों को ठााम स्तर से भी प्रयास करने होंगे। सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना ने जिले की 42 ग्राम पंचायतों ने टीबी होने के लिए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है तथा दो ग्राम पंचायत दूसरी बार ठााम पंचायत को टीबी मुक्त रख पाई है। श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के निर्धारित 6 मापदंडो में सस्पेक्टेड टीबी की जांच, टीबी नोटिफिकेशन की दर, ट्रीटमेंट सक्सेस रेट, ड्रग ससेप्टिबिलिटी टेस्ट, निक्षय पोषण योजना और निक्षय मित्र द्वारा पोषण किट वितरण संबंधी गतिविधियों को संचालित किया है। 44 ग्राम पंचायत में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की संकल्पना को साकार करने के लिए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है जिनका नाम भारत सरकार को प्रमाण के लिए भेजा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सरपंचों का जो सहयोग मिला है वह आगे भी मिलता रहे। उन्होने निक्षय मित्र बनकर टीवी मरीजों की सहायतार्थ पोषण किट उपलब्ध कराने की अपेक्षा जताई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार द्वारा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की अंतर्गत 25 फरवरी से 24 मार्च तक आयोजित गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा जागरूकता माध्यमों की जानकारी को साझा करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा टीबी मुक्त भारत में सहयोग की आवश्यकता जताई। इस दौरान मंच संचालन जिला कार्यक्रम ऑफिसर आशुतोष पांडे द्वारा किया गया एवं अभिवादन संबोधन जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ गोविंद गुप्ता द्वारा दिया गया। समारोह में जिला कार्यक्रम समन्वयक-आईईसी लखन सिंह लोधा, बीसीएमओ, यूएनएफपीफ प्रतिनिधि मनोज जांगिड़ सहित सरपंच और टीबी क्लीनिक के कार्मिक मौजूद रहे।

समर्पित कार्यकर्ता ही संगठन की पहचान : कसाना

भरतपुर, (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस से भरतपुर आए शहर ब्लॉक कांग्रेस के प्रभारी बबलू कसाना ने यहाँ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में शहर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेकर कहा कि पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता ही संगठन की पहचान है। जाजम बिछाने से लेकर झंडा फहराने तक का काम कार्यकर्ता ही करता है।

शहर ब्लॉक अध्यक्ष दयाचंद पचौरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पीसीसी,जिला एवं शहर पदाधिकारियों ने प्रभारी बबलू कसाना का सूत की माला एवं कांठोस पार्टी का पटका पहनकर स्वागत किया। शहर प्रवक्ता दिगंबर खटाना ने बताया कि इस दौरान प्रभारी ने कांठोस पदाधिकारियों की उपस्थिति लेकर साफ संदेश दिया कि जो कार्यकर्ता-पदाधिकारी संगठन के कार्य को प्राथमिकता देगा वही आने वाले समय में संगठन की बागडोर का सहभागी बनेगा। शहर ब्लॉक अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने अपने कार्यकाल के दौरान संगठन के कामों का हवाला देते हुए बताया कि शहर ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विगत प्रत्येक चुनाव में आगे बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाकर अपनी निष्ठा साबित की है। आगे भी कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक दिशा निर्देश को पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं रखेंगे। संचालन संगठन महासचिव डॉ लोकपाल सिंह ने किया। बैठक में प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र शर्मा, साहब सिंह एडवोकेट, सतीश सोगरवाल, रमेश पाठक, गंगाराम पाराशर, इंद्रजीत भारद्वाज, जगदीश बंजी, योगेश सिंघल, अशोक ताम्बी, राजीव कुम्हेर, यदुनाथ दारापुरिया, भगवान कटारा, रामेश्वर सैनी, बबीता शर्मा, रेनू गौरावर,प ुष्पेंद्र बन्नो, वीकेश फौजदार,शैलेश पाराशर, हरिमोहन शर्मा, प्रेमसिंह प्रजापत, अवधेश शर्मा,चंद्रकांत शर्मा,अभिषेक तिवारी, इंदु शेखर शर्मा, मनीष भाँडोर, शहीद खान, सुखदेव चौधरी, सुरेश पदयात्री, अजीत सिंह सहित काफी संख्या में कांठोस जन मौजूद रहे।

गुम हुए मोबाइलों को लौटाया

करौली, (निसं)। मार्च (निं.सं.) करौली कोतवाली थाना पुलिस ने ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत कार्यवाही करते हुए 22 लोगों के गुम हुए मोबाइल फोन उन्हें बुलाकर कोतवाली में सुपुर्द किये। कोतवाली थाना अधिकारी आध्यात्म गौतम ने बताया कि आपका मोबाइल आपके हाथ करौली पुलिस है आपके साथ कि भावना को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत करीब चार लाख रुपये कि बाजार कीमत के 22 मोबाइल फोन बरामद कर मोबाइल मालिकों को सुपुर्द किये उन्होंने बताया कि गुम हुए मोबाइल मालिकों को जब मोबाईल सुपुर्द किया ।

केलादेवी के पदयात्रियों की सेवा में जुटे हिण्डौन क्षेत्र के लोग

हिण्डौन सिटी, (निसं)। राजराजेश्वरी कैलादेवी माता के चैत्रमास मेले में उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से भारी संख्या में पदयात्रियों की भक्तिगीतों की गूँज के साथ हो रही आवक और जगह जगह लगे पांडालों, भंडारों से पूरा शहर भक्तिमय बना हुआ है। भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी ने शीतल पेयजल व मेडीकल फर्स्ट एड का पॉच दिवसीय पांडाल लगाकर इसमें पहलीबार सहभागिता की है।

शाखा सचिव दीनदयाल सिंघल ने बताया कि प्रतिवर्ष इस मेले में उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से लाखों पदयात्री माता कैलादेवी के दर्शन करने पहुँचता है इस वर्ष भी भारी संख्या में पदयात्रियों की आवक बनी हुई है मातारानी के दरबार में पहुँचने वाले भक्त जय माता दी, जय माता दी के नारे लगाते हुए आस्था लेकर बढ़े चले जा रहे हैं चारों तरफ माता के भजनों की गूँज है। शहर में मुख्य मार्ग पर पांडाल लगाकर भिन्न भिन्न सेवादारों द्वारा खाने पीने, चाय नाश्ता, स्नान, विश्राम, मेडीकल सुविधाओं की व्यवस्थाएँ रखी गई हैं, शहरवासी हजारों लोग तन, मन, धन से इसमें अपनी सहभागिता करके पॉच दिन तक पदयात्रियों को बेहतर सुविधाएँ करने में जुटे हुए हैं।

भारत विकास परिषद की ओर से पदयात्रियों को भंडारा लगाकर की जा रही है सेवा।

शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि परिषद् द्वारा इस लखखी मेले में पदयात्रियों के लिए 24 से 28 मार्च तक बयाना मोड स्थित बसन्त होटल के नीचे शाखा सदस्य आलोक सोलंकी के सहयोग से स्वच्छ व शीतल पेयजल व परिषद् द्वारा मेडीकल फर्स्ट एड सुविधा का पांडाल लगाया है। शाखा सदस्यों के सहयोग से पदयात्रियों को निर्मल जलसेवा के साथ मंगलवार को नमकीन छाछ, बुधवार को प्रात: चाय टोस्ट नाश्ता, सांय को शर्बत, गुरुवार को प्रात: चाय टोस्ट नाश्ता, दोपहर में नमकीन छाछ एवम् अपरान्ह संतरा, पपीता, अंगूर आदि फलों का वितरण किया, शुक्रवार को समापन के दिन वितरण किया जाएगा। सचिव ने बताया कि पेयजल, दवाइयाँ, छाछ, चाय टोस्ट नाश्ता, शर्बत व फल वितरण में परिषद् के निरंजन शर्मा, सुबोध जैन, देवेन्द्र शर्मा, पंकज जैन, अशोक गर्ग, मुकेश जैन, उमेश शर्मा, पवन ऐरन, योगेश बरगमां, अशोक भगत, राजेन्द्र बजाज, योगेश गुप्ता (कम्प्यूटर), मांगीलाल गर्ग, राकेश गुप्ता, मोहित मित्तल, ओमप्रकाश गुप्ता ढिंढोरा, सुनील अग्रवाल, डॉ पीयूष गोयल, अशोक मोदी, अनिल बॉबी, डॉ मनोज गर्ग, वीरेन्द्र जैन, प्रवीण गोयल, राकेश गुप्ता (नवीन), आदि मौजुद थे।

सार-समाचार

धोखाधड़ी के मामले में एक गिरफ्तार

करौली, (निसं)। थानाधिकारी अध्यात्म गौतम पुगिय पुलिस जाप्ता द्वारा पुलिस थाना कोतवाली करौली के अभियोग संख्या 902025 में फर्म मैसर्स बाबू भाई रसीद भाई के ट्रेडमार्क व समान कॉपीराइट का धोखाडी उपयोग कर बाबूभाई रसीद भाई के नाम से बीडी बनाकर बेचने के मामले में मुस्लिम मोहम्मद उवेश खान पुत्र श्री अब्दुल सभी 30 वर्ष मुसलमान निवासी नौचीकिया मौहल्ला जामा मस्जिद बोलीखार करौली थाना कोतवाली करीली को दस्तयाब किया और प्रकरण के अनुसंधान अधिकारी अनुज शुभम आरपीएस लाधिकारी करौली द्वारा गिरतार किया गया जिसे आज न्यायालय में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर अनि अनुसंधान हेतु दिवस का पी.सी. रिमांड पर लिया गया है।उन्होने बताया कि पुलिस थाना कोतवाली करौली पर परिवादी रुखसार अहमद पुत्र बाबू निवासी शिकारगंज चैराहा मंडरायल रोड करीली ने एक प्राथमिकी इस आशय कि दर्ज करायी कि प्राधी कि अनुमति के बिना प्राधी की बाबू भाई रसीद भाई निर्मित बाबू छाप बीडी के ट्रेडमार्क व समान कॉपीराइट का बिना अनुमति के उपयोग कर मोहम्मद उमेश खॉन अब्दुल समी, मोहम्मद हासिम व उजैर निवासी बोलीखार करौली द्वारा दुभीयपूर्ण इरादे से अपने व्यापक व्यवसाय के माध्यम से प्रामक रूप से समान कॉपीराइट अपनाकर फर्म के ट्रेडमार्क बाबू भाई से मिलता जुलता बाबू भाई समान लोगो समान संरचना नजर बीडी का निर्माण किया है जिसके परिणामस्वरूप बाजार में भ्रम की स्थिति पैदा होती है। जिस मामले मे पुलिस ने कार्यवाही करते हुये आरोपी को गिरफ्तार किया।

रात्रि चैपाल में सुनी परिवेदनाएं

करौली, (निसं)। आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल की अध्यक्षता में बुधवार को टोडाभीम पंचायत समिति की ग्राम पंचायत किरवाडा में रात्रि चैपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। इस दौरान कुल 22 परिवाद प्राप्त हुए। जिनमें सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित तीन परिवाद, विद्युत विभाग से संबंधित चार परिवाद, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के दो परिवाद, पंचायती राज विभाग के तीन परिवाद, राजस्व विभाग से संबंधित नौ परिवाद व श्रम विभाग से संबंधित एक परिवाद का मौके पर निस्तारण किया गया। जिन पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए। रात्री चैपाल के दौरान जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बडी संख्या में परिवादी उपस्थित रहे।

अस्थायी रोडवेज बस स्टेण्ड शुरू

गंगापुर सिटी, (निसं)। कैलादेवी का लक्खी मेले के शुरू होने के साथ ही दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर स्थित गंगापुर सिटी स्टेशन पर श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया है। यह मेला 15 अप्रैल तक चलेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन पर अस्थायी रोडवेज स्टैंड बनाया गया है। कोटा मंडल रेल प्रबंधक की स्वीकृति से यहां 30 बसों का संचालन होगा। यह सेवा 15 अप्रैल तक 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत जीआरपी के 30 और आरपीएफ के 20जवान तैनात किए गए हैं। हिंडौन आगार के मुख्य प्रबंधक जगतीत सिंह और मेला अधिकारी विष्णु कुमार ने बताया कि गंगापुर सिटी से कैलादेवी तक का किराया 25 रुपए निर्धारित किया गया है। पिछले साल यह किराया 35 रुपए था। स्टेशन प्रबंधक कल्याण लाल मीना के अनुसार, प्लेटफॉर्म एक और दो पर नए शौचालय बनाए गए हैं। मेले में देशभर से लाखों श्रद्धालु आते हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सबसे अधिक रहती है। जयपुर मुख्यालय ने कैलादेवी मेला स्पेशल बसों का रूट चार्ट तैयार कर लिया है।

गणगौर महोत्सव में महिलाओं ने लिया भाग

गंगापुर सिटी, (निसं)। अखिल भारतीय खण्डेलवाल सुमधुरा सखी सहेली मंच के तहत रंगीला राजस्थान व सनातन संस्कृति की पहचान गणगौर महोत्सव का आयोजन अध्यक्ष के आवास पर रखा गया। अध्यक्ष कुशला खूंटेटा वर्षा नाटाणी ने बताया कि सभी बहने हमारी पारंपरिक परिधान चुनरी व पचरंगा पहन कर आई। कार्यक्रम की शुरुआत मां पार्वती व शिव जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर गणगौर से संबंधित गेम वह प्रश्नोत्तरी रखी गई। वहीं गणगौर के गीतों पर रंगारंग डांस की प्रस्तुतियां दी गई। सभी जीतने वाली बहनों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी से आग्रह किया गया कि अपने आसपास पक्षियों के लिए दाना पानी की भी व्यवस्था जरूर करें। इस मौके पर पूजा गुप्ता, कौशल्या डंगायच, सीमा, मनीषा डांस, अंशु डांस, संतोष, उर्मिला डांस, ममता डांस, विनीता खूटेटा, रुचि, कुसुम सांमरिया, मधु, कृष्णा ठाकुरिया, अलका टोडवाल, ज्योति, सुमन दुसाध आदि उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। गुरुवार को गंगापुर सिटी और बामनवास विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ की बैठक की जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में उनके निवास पर आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष गुर्जर ने नव संवत्सर और हिंदू नववर्ष पर जिले के प्रत्येक मंडल में मांगलिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के वन नेशन, वन इलेक्शन विचार पर सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ है। 2 अप्रैल को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। होटल द पर्ल, जयपुर बाइपास पर आठों मंडलों के कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के निर्देश दिए गए। कार्यकर्ताओं ने 3000 लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। बैठक में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धनसिंह मावई, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामसिंह खटाना, पूर्व उपसभापति दीपक सिंघल, सभापति शिवरतन अग्रवाल और प्रधान मंजू गुर्जर सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री उदयसिंह गुर्जर ने किया।

अयोध्याधाम के लिए यात्री रवाना

गंगापुर सिटी,(निसं)। शुक्रवार को डीएस ग्रुप के संस्थापक इंजि. उमेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अयोध्या में रामलला के दर्शन की यात्रा का नि:शुल्क आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन डीएस ग्रुप द्वारा 250 वरिष्ठ नागरिकों के लिए किया गया एक पुनीत कार्य है, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को रामलला के दर्शन का अवसर प्रदान करना है। इस यात्रा का आरम्भ डीएस साइंस एकेडमी के समीप स्थित जैन नसिया की बगीची नसिया कॉलोनी से होगा। यह शोभा यात्रा सायं 6 बजे धूम-धाम से रेल्वे स्टेशन गंगापुर सिटी जाएगी जहाँ से वरिष्ठ नागरिक अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। इससे पूर्व में भी 21 मार्च को 250 वरिष्ठ नागरिकों के प्रथम दल ने अयोध्या में रामलला, हनुमान गढी दर्शन व सरयू स्नान कर अपनी यात्रा को पूर्ण कर लिया है। इंजि. शर्मा ने बताया कि उन्होने जो 500 लोगो को नि:शुल्क यात्रा करवाने का जो संकल्प लिया था वह आज श्रीराम जी की कृपा से पूरा होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह मग्गो प्रान्त संघ चालक व कार्यक्रम के अध्यक्ष गंगापुर सिटी संघ चालक डॉ. मनोज जैन एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दीपक भाई साहब जिला प्रचारक सवाई माधोपुर रहेंगे।

जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)। पुलिस थाना उदेई मोड ने जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने गुलकंदी स्कूल के सामने खादी भंडार के पीछे मैदान से तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देश पर जिले में जुआ और सट्टे के खिलाफ विशेष अभियान चल रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा और वृत्ताधिकारी संतराम मीना के निरीक्षण में यह कार्रवाई की गई। थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में टीम को मुखबिर से सूचना मिली। सब इंस्पेक्टर कमल प्रसाद की टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की।